मिसिल संख्या -18/1/2021-C-1/1

कर्मचारी चयन आयोग

महत्वपूर्ण सूचना

विषयः- संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा-2021 के माध्यम से भारतीय लेखा परीक्षा एंव लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एंव महालेखापरीक्षक के अंतर्गत कार्यालय) में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी, संभागीय लेखाकार, लेखापरीक्षक और लेखाकार के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना।

संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा- 2021 के माध्यम से भारतीय लेखा परीक्षा एंव लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एंव महालेखापरीक्षक के अंतर्गत कार्यालय) में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, संभागीय लेखाकार, लेखापरीक्षक और लेखाकार के पद पर नियुक्ति के लिए नामित अभ्यर्थियों को राज्यों / कार्यालयों का आवंटन अभ्यर्थियों की योग्यता-सह-राज्य वरीयता के आधार पर किया जाएगा। अभ्यर्थियों की जानकारी के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचना की एक प्रति संलग्न है।

अवर सचिव (गो-1/1)
दिनांक 31.03.2023

(कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित होने की सूचना)

विषय: भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अधीन कार्यालय) में सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी, संभागीय लेखाकार, लेखापरीक्षक एवं लेखाकार के रिक्त पदों को भरने हेतु संयक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा - 2021 के माध्यम से चुने गये अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक जानकारी |

संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा - 2021 माध्यम से भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अधीन कार्यालय) में सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी, संभागीय लेखाकार, लेखापरीक्षक एवं लेखाकार के पदों पर चयनित किए गए अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग में सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी, संभागीय लेखाकार, लेखापरीक्षक एवं लेखाकार के पदों नियुक्ति के लिए नामित अभ्यर्थियों को राज्यों/कार्यालयों का आवंटन अभ्यर्थियों की मेरिट/रैंक तथा राज्य वरीयता के आधार पर किया जाएगा ।

2. इस संबंध में विस्तृत जानकारी भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की वेबसाइट (www.cag.gov.in) पर उपलब्ध है । इस विभाग में नामित सभी अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि उक्त वेबसाइट पर दी गयी सूचना देखें एवं अपनी व्यक्तिगत जानकारी, राज्य की प्राथमिकता एवं सत्यापन फॉर्म संबन्धित वांछित जानकारी (URL http://cag.delhi.nic.in/statechoice पर) भरें । ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल 2023 से प्रारम्भ होगी तथा 24 अप्रैल 2023 तक जारी रहेगी ।